अमर उजाला 16/02/2024

शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान

अंबाला। अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों के साथ-साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 100 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। विशेष अतिथि इंडियन यूथ रेड क्रॉस ,हरियाणा समिति के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है। लेकिन उपलब्ध 70 लाख यूनिट ही हो पाता है। इसलिए भ्रांतियों से दूर रहते हुए रक्तदान जरूर करना चाहिए। संवाद